वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 04 | सोमवार 29 अप्रैल 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## आदिनाथ भवन मानसरोवर में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समिति मीरा मार्ग के तत्वावधान में आज आदिनाथ भवन मे यश ऑप्टिकल एवं मनु हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके मुख्य संयोजक राजेश काला और विजय झांझरी ने बताया कि इस शिविर का सैकड़ो लोगों ने लाभ उठाया। इस शिविर का आयोजन करने में समिति के कोषाध्यक्ष लोकेंद्र कुमार जैन ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरूआत में सुभाष चौधरी ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बेनाडा, उपाध्यक्ष तेजकरण चौधरी, संयुक्त मंत्री मनोज जैन, संगठन मंत्री अशोक कुमार सेठी, अशोक कुमार छाबड़ा एवं अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। अंत में समिति के मंत्री राजेंद्र कुमार सेठी ने सभी सहयोग कर्ता का आभार प्रकट किया।




## श्रमण संस्कृति संस्था द्वादश वर्षीय जैन स्वाध्याय पाठ्यक्रम की परीक्षा संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आचार्य भगवान श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर द्वारा संचालित द्वादशवर्षीय जैन स्वाध्याय पाठ्यक्रम की परीक्षा संपूर्ण देश में 227 केंद्रों के साथ आज कीर्ति नगर जैन मंदिर में सफलता पूर्वक आयोजित की गई, जिसमें केंद्र संयोजक आशा जैन के संयोजन में एवं राहुल शास्त्री केंद्र निरीक्षक के मार्गदर्शन में उपस्थित महिला एवं पुरुष परीक्षार्थियों ने प्रथम वर्ष से लेकर षष्ठम वर्ष तक की परीक्षा दी। जो परीक्षार्थी आज परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाए हैं वो 11 मई को होने वाली द्वितीय अवसर की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं ! प्रथम अवसर मे 120 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

## जनकपुरी सेंटर पर महिलाओं में स्वाध्याय के प्रति दिखा उत्साह



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में रविवार को द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के एग्जाम हुए। पाठशाला संयोजक सुरेश शाह व राजेंद्र ठोलिया ने बताया कि निर्यापक मुनि सुधासागरजी की प्रेरणा से श्रमण संस्कृति संस्थान द्वारा स्वाध्याय को जन जन तक पहुँचाने के वृहद् कार्यक्रम के तहत आज जनकपुरी सेंटर पर परीक्षाएँ हुई जिसमे महिलाओं ने उत्साह पूर्वक तैयारी के साथ भाग लिया । केंद्रीय पर्वेक्षक प. विनय शास्त्री ने सभी परीक्षाओं को अपने निर्देशन में संरक्षक शिखर चंद जैन व किरण जैन तथा मुख्य संयोजक पदम जैन बिलाला के सहयोग से संपन्न कराया।

# होनहार सीए छात्र स्व.ऋषभ जैन कोटखावदा को 15 वीं पुण्य स्मृति पर धार्मिक, सामाजिक एवं मानव सेवा कार्य कर किया याद

## चूलगिरी पर भगवान पार्श्वनाथ के सामूहिक अभिषेक,शांतिधारा पूजा अर्चना-कैंसर पीड़ित बच्चों को बांटें राशन, स्टेशनरी एवं फल-सायंकाल किया णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर स्तोत्र का पाठ





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष, प्रसिद्ध समाजसेवी विनोद- दीपिका जैन कोटखावदा के सुपुत्र होनहार सीए छात्र स्व.ऋषभ जैन की 15वीं स्मृति के मौके पर ऋषभ सेवा संस्थान, जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो एवं संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो के संयुक्त तत्वावधान में धार्मिक, सामाजिक एवं मानव सेवा कार्य कर ऋषभ को याद किया। तारों की कूट के सूर्यनगर स्थित ऋषभ सेवा संस्थान के अध्यक्ष महेन्द्र साह आबूजीवाले एवं मानद् सचिव विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इस मौके पर रविवार, 28 अप्रैल को प्रातः 8.00 बजे आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी में भगवान पार्श्वनाथ के सामूहिक दर्शन, अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। तत्पश्चात अष्ट द्रव्य से पूजाअर्चना की गई। पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ अर्घ्य चढाये गये। आरती के बाद समापन हुआ। इसी कड़ी में प्रातः 11.30 बजे श्योपुर के विद्यासागर स्कूल के पास स्थित संत जुडे इण्डिया चाईल्ड केयर सेन्टर पर कैंसर पीड़ित बच्चों की सेवा सुश्रुषा की जाकर उनके साथ खुशियां बांटी गई । इस मौके पर तीन बार णमोकार महामंत्र के उच्चारण पश्चात राशन व अन्य आवश्यक सामग्री दी गई साथ ही बच्चों को स्टेशनरी आइटम्स एवं फल इत्यादि वितरित किए गए । सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। जैन के मुताबिक रात्रि में सूर्य नगर के ऋषभ मार्ग स्थित कोटखावदा हाऊस पर विश्व शांति प्रदायक णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर स्तोत्र के सामूहिक पाठ किए गए । इस मौके पर अशोक बाकलीवाल, महेन्द्र साह, विनोद जैन कोटखावदा, चेतन जैन निमोडिया, कमल वैद,दीपक गोधा, अंकित बाकलीवाल,सीए शुभम जैन, सुशील जैन, अजय साह, मुन्ना देवी, माया साह, प्रेमलता बाकलीवाल, सुशीला साह, दीपिका जैन कोटखावदा, मैना गंगवाल, नीतू जैन, दीपा गोधा, कुसुम जैन, सुनिता जैन, अमिता साह, मीनू जैन निमोडिया, दिव्या बाकलीवाल, देवांश बाकलीवाल सहित बड़ी संख्या में ऋषभ सेवा संस्थान जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो, संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो के सदस्य एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि 28 अप्रैल 2009 को ऋषभ जैन की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।

## परम श्रद्धेय स्व .श्री निर्मल कुमार जी सेठी के तृतीय पुण्य स्मृति दिवस पर भावपूर्ण श्रृद्धांजलि



**कोटा. शाबाश इंडिया।** नाम निर्मल चारित्र निर्मल और निर्मलता के धारी निर्मल कुमार सेठी को शत-शत नमन हमारी । देवशास्त्र गुरु के परम भक्त व्यवहार कुशल प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी सुप्रसिद्ध समाजसेवी कर्मयोगी प्राचीन तीर्थ जीणोर्धारक जैन समाज की आन बान शान महासभा के महास्तंभ परम श्रद्धेय स्व. श्री निर्मल कुमार जी सेठी साहब के तृतीय पुण्यस्मृति दिवस पर भाव पूर्ण श्रद्धा सुमन समर्पित करता हूं। आप संपूर्ण जैन समाज की अनमोल निधि थे। आपने जीवन काल में जैन धर्म के प्राचीन तीर्थक्षेत्र, अतिशयक्षेत्र, सिद्ध क्षेत्र इत्यादि की रक्षा सुरक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। आपके सुपुत्र पारस जैन की जब अकाल मृत्यु हुई थी उसके कुछ दिनों बाद जब मेने आपको फोन किया था तो आपने भरे हृदय से मुझसे कहा था कि एक पारस मेरा चला गया दूसरा पारस पार्श्वमणि मेरा कोटा में रहता है जो सम्पूर्ण भारत की जैन समाज के लिये किसी मणि से कम नहीं है। उन्होंने जीवन भर मुझे पुत्र की तरह स्नेह, प्यार, प्रेम दिया था। हर महीने में दो बार आपका फोन आता था। आपकी वाणी सुनकर मेरा हृदय आपके प्रति श्रद्धा से नतमस्तक हो जाता था। आपकी मंगल प्रेरणा से मैंने अपने जीवन के 31 वर्ष जैन पत्रकारिता के क्षेत्र में समर्पित किए है। विभिन्न साधु संतो की वाणी का खूब प्रचार प्रसार कर अलग अलग समाचार पत्रों में कवरेज की। 31 वर्षो की कवरेज फाइल भी मेरे पास अवलोकनार्थ उपलब्ध है। आप एक बार घर आए और मेरी माता के हाथ का भोजन बड़े प्यार से स्वीकार किया था। आपकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि आप जिस नगर गांव शहर में होते थे और यदि आपको किसी भी साधु के बारे में पता लगता कि अमुक मंदिर में संत विराजमान है तो आप तुरंत उनकी आहार चर्या हेतु निकल पड़ते थे आपने कभी छोटे-बड़े साधु में भेदभाव नहीं किया।

## अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का कीर्तिनगर में हुआ भव्य स्वागत



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कीर्तिनगर स्थित श्री दिगम्बर जैन पार्श्वनाथ मंदिर जी में प्रातः अभिषेक व शान्तिधारा के पश्चात जैन तीर्थंकरों की पावन जन्मभूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या के विकास एवं पूरे देश में जन-जन की आस्था के लिए परम पूज्य गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से प्रवर्तित अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का 28 अप्रैल रविवार को प्रातः कीर्तिनगर में मंगल आगमन होने पर जैन समाज कीर्तिनगर ने भव्य स्वागत किया। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि मन्दिर जी में धर्म सभा का आयोजन किया गयो समाज के अध्यक्ष अरुण काला , मंत्री जगदीश जैन ने समाज की ओर से प्रतिष्ठाचार्य अकलंक जैन लखनऊ, राजस्थान प्रवर्तन संयोजक दिलीप जैन, युवा परिषद् के प्रदेश महामंत्री विमल बज के साथ रथ की टीम के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया । प्रतिष्ठाचार्य अकलंक जैन ने अयोध्या विकास की पूर्ण जानकारी प्रदान की, धर्म सभा में रथ में बैठने वाले पात्रों का चयन किया गया, जिसमें कुन्दनमल , पुनीत जैन सोनी खेरानेवाले परिवार सोधर्म इन्द्र बने, कुबेर इन्द्र, पालने झुलाने,कोठी ( बंगला ) के पुण्यार्जक अशोक कुमार शकुंतला,अंकित प्रियंका ,आदेश, जेनिशा चांदवाड परिवार , सुशीला ,उर्मिला गोधा , सविता उर्मिला बाकलीवाल परिवार को आरती का सौभाग्य मिला सभी का स्वागत अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ आयोजन समिति की ओर से किया गयो बैंड बाजे की मधुर स्वर में तथा रथ में लगे डीजे द्वारा जैन भजनों की प्रस्तुतियों के साथ कीर्तिनगर के विभिन्न मार्गों पर रथ भ्रमण किया और मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा आरती व भक्ति नृत्य किये। इस अवसर पर संपूर्ण जैन समाज पुरुष महिलाएं व विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 'श्री महावीरजी' फिल्म का जेम सिनेमा में हुआ प्रिमियर शो-लोगो ने सराहा फिल्मांकन को - शो रहा हाऊसफुल - शो के दौरान गूंजे भगवान महावीर के जयकारें





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी द्वारा चांदनपुर में टीले से प्रकटित भगवान महावीर के अतिशय के सम्बन्ध में निर्मित फिल्म 'श्री महावीरजी' का प्रिमियर शो रविवार को जेम सिनेमा में आयोजित हुआ। इस मौके पर दर्शकों ने फिल्म की कहानी को खूब सराहा। शो हाऊसफुल रहा। प्रचार प्रसार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जेम सिनेमा के मालिक सुधीर कासलीवाल एवं दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल द्वारा स्वागत उदबोधन के बाद अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन के नेतृत्व में महावीर जी प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। निर्माता जे के जैन कालाडेरा वाले ने फिल्म निर्माण पर प्रकाश डाला। निर्देशक शशांक जैन ने फिल्म की कहानी एवं शूटिंग की संक्षिप्त जानकारी दी। भगवान महावीर के गीत पर पूरा हॉल झूम उठा एवं महिला संगठनों की महिलाओं ने पचरंगा जैन ध्वज लेकर नाचते गाते खुशी जताई। इस मौके पर हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा । मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन जौहरी ने जनता का धन्यवाद देते हुए सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन मनीष बैद ने किया। मुख्य प्रचार संयोजक सुरेश सबलावत ने बताया कि भगवान महावीर की मूंगावर्णी प्रतिमा किस प्रकार से श्री महावीरजी के चांदनगांव में भूगर्भ से प्रकटित हुई तथा भगवान के टीले से बाहर आने के बाद पूरे क्षेत्र में सुख समृद्धि संपन्नता होने लगी इस का बडी सुन्दरता के साथ इस फिल्म में चित्रण किया गया है। इस फिल्म में श्री महावीर भगवान के अतिशय के साथ श्री महावीरजी कमेटी द्वारा श्री महावीरजी क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों एवं इन विकास कार्यों से आसपास के लोगों को जो लाभ मिला है उसका चित्रण किया गया है। उन्होंने बताया कि महावीर जी मंदिर भगवान महावीर का पूरे देश का सबसे बडा मंदिर है। यहा सभी धर्मो एवं जातियों के लोग भगवान महावीर को पूजते है। नया काम शुरू करने से पहले भगवान महावीर के मंदिर में ढोक लगाते हैं। प्रतिमा के अवतरण से वहां के निवासियों के जीवन स्तर में आये हुए बदलाव की प्रगति को दर्शाया गया है। फिल्म में दर्शाया गया है कि आजकल के युवा गांव एवं अपने पुश्तैनी व्यापार को छोड़कर के नाम मात्र के पैकेज के लिए शहर में बस जाते हैं। इसका कारण है कि गांव के बच्चों को कोई भी अपनी लड़की देना नहीं चाहता। लड़की भी गांव में नहीं जाना चाहती है, इसी व्यथा को इस फिल्म में फिल्माया गया है। एक लड़की विदेश में बहुत बड़ी मल्टी नेशनल कंपनी में अच्छे पैकेज पर कार्यरत होते हुए भी श्री महावीर जी क्षेत्र के लिए अपना सब कुछ छोड़कर श्री महावीर जी में विकास के कारण को आगे बढ़ाने में मदद करने लगी। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी प्रबंधकारिणी समिति द्वारा इस फिल्म का निर्माण करवाया गया है। फिल्म में केशव कुंडल द्वारा संगीत दिया गया है। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सौरभ जैन है। इसमें मुख्य भूमिका रोहित मेहता व वान्या ने निभाई है। साथ में जयपुर जैन समाज के कुछ लोगों ने भी इस फिल्म में काम किया है। मूवी में सात गाने है डॉल्बी साउंड में एरी कैमरे के साथ पूरी फिल्म फिल्माई गई है। एक घंटा पचास मिनट की फिल्म है। अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल ने बताया कि पूरा हॉल खचाखच भरा हुआ था। पिक्चर सबको पसंद आई है। फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जैन इंजीनियर्स सोसायटी जयपुर साउथ चैप्टर का दल दो दिवसीय भ्रमण से लौटा





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन इंजीनियर्स सोसायटी जयपुर साउथ चैप्टर का 20 सदस्यीय दल मोजमाबाद, किशनगढ, अजमेर, पुष्कर, मोराझडी एवं नारेली की 2 दिवसीय धार्मिक एवं पर्यटन भ्रमण कर दिनांक 28 अप्रैल, 2024 को जयपुर वापस लौट आया। इंजी. दीपक कुमार जैन (अध्यक्ष) एवं प्रदीप कुमार जैन (सचिव) के नेतृत्व में दल ने दिनांक 27 अप्रैल, 2024 को भट्टारक जी की नसियां जयपुर से प्रातः 6:00 बजे रवाना होकर अतिशय क्षेत्र अतिशय क्षेत्र मोजमाबाद, सोनी जी की नसियां अजमेर, अतिशय क्षेत्र मोराझडी (जिला अजमेर) एवं नारेली मंदिर के दर्शन तथा डम्पींग यार्ड किशनगढ, एवं पुष्कर के पर्यटन, धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का अति आनन्द एवम् उत्साह पूर्वक भ्रमण किया । प्रतिदिन भ्रमण का प्रारम्भ णमोकार मंत्र के जाप एवं दर्शन पाठ इत्यादि के वाचन के साथ किया गया । भ्रमण दल में चैप्टर के इंजी. अरुण जैन (उपाध्यक्ष), इंजी. राकेश बगड़ा (उपाध्यक्ष), इंजी. देवेन्द्र मोहन जैन (संयुक्त सचिव, जेस फाउंडेशन), इंजी. माणिक जैन (कार्य. सदस्य), इंजी. महेंद्र कुमार कासलीवाल (कार्य. सदस्य), इंजी. विजेंद्रकुमारजैन (कार्य. सदस्य), इंजी. मनोज दोसी (कार्य. सदस्य), इंजी. सुभाष कासलीवाल सहित अन्य सदस्य सम्मिलित थे।

# वेद ज्ञान

## अपने व्यवहार से कुशल बनें...

मनुष्य की पहचान उसके आचरण से होती है। कोई अपनी अच्छाई-बुराई का प्रमाणपत्र लेकर नहीं घूमता, बल्कि उसका व्यवहार ही उसके व्यक्तित्व का प्रतिबिंब है। शैक्षणिक विश्वविद्यालयों में भले ही प्रमाणपत्रों की दरकार पड़ती हो, लेकिन जीवनरूपी विश्वविद्यालय में व्यवहार ही व्यक्तित्व की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति होती है। जो व्यवहार कुशल नहीं उसे नहीं मालूम होता कि किससे कैसे व्यवहार करना चाहिए। वह मनुष्य होने की न्यूनतम अर्हता पूरी नहीं कर पाता। लिहाजा जीवन में व्यवहार कुशलता अत्यंत आवश्यक है। व्यवहार कुशल होना असल में जीवन जीने की विधि है। उद्दंड होने में कोई मेहनत नहीं लगती, लेकिन सुशील, सज्जन एवं व्यवहार कुशल होना बेहद कठिन है। मगर ये गुण गर्भ से ही नहीं ग्रहण किए जाते। जन्म के समय सभी की परिस्थितियां एकसमान होती हैं। मगर उसके बाद जिनके घर का माहौल अच्छा होता है जहां अच्छाई-बुराई का पाठ पढ़ाया जाता है उन घरों के बच्चे प्रायः सुशील और अनुशासन प्रिय होते हैं। ऐसे में किसी भी बाल का चरित्र निर्माण उसके घरेलू माहौल और मित्रों की संगत पर अधिक निर्भर करता है। व्यवहार कुशल होना सफल जीवन का एक सुखद मार्ग है। जो व्यक्ति व्यवहार कुशल होता है वह जीवन में कभी असफल नहीं होता। उसके जीवन में पग-पग पर सफलता मिलती रहती है। वह अपने व्यवहार से दूसरों को प्रभावित कर लेता है। अगर किसी को सफल व्यक्ति मानते हो तो भी मान लेना चाहिए कि वह दूसरों से अधिक व्यवहार कुशल है। इसी तरह जो लोग असफल हैं उनके संबंध में मान लेना चाहिए कि वे आचरण व व्यवहार से उद्दंड हैं अथवा हीनभावना से ग्रसित हैं। ऐसे ही व्यक्ति मान लेते हैं कि वे संसार के सबसे निकृष्ट प्राणी हैं। ऐसी मनोवृति हीनभावना के कारण, व्यवहार कुशल न होने के कारण ही बनती है। यह एक प्रकार की बीमारी है। एक व्यक्ति ऐसा होता है जो मिलता है तो मन घृणा से भर जाता है और दूसरा जब बिछुड़ता है तो आंख से आंसू निकल पड़ते हैं। दोनों ही मनुष्य हैं। बाहर से देखकर यह नहीं बताया जा सकता कि कौन अच्छा है, कौन बुरा है। केवल उनके व्यवहार से पता चलता है कि यह व्यक्ति अच्छा है या बुरा है।

# संपादकीय

## नाहक सवाल उठाना अनुचित



एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम पर नाहक सवाल उठाना उचित नहीं है। इससे शक ही पैदा होता है। अदालत ने ईवीएम संबंधी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। दरअसल, ईवीएम को लेकर आशंका जाहिर की जा रही थी कि उसे बाहर से नियंत्रित किया और मतों में गड़बड़ी की जा सकती है। अदालत के सामने इस पर रोक लगाने की गुहार लगाई गई थी।



इसके पक्ष में कई ऐसे प्रमाण भी दिए गए थे कि कहां-कहां कुल पड़े मतों और मशीनों में पड़े मतों की संख्या में अंतर पाया गया। विपक्षी दल इसे लेकर काफी आक्रामक थे और लगातार आशंका जाहिर कर रहे थे कि सत्तापक्ष मशीनों के जरिए मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसमें कई स्वयंसेवी संगठन और विशेषज्ञ भी शामिल थे, जिनका दावा था कि ईवीएम को बाहर से संचालित किया जा सकता है। हालांकि भारत निर्वाचन आयोग लगातार तर्क दे रहा था कि ईवीएम सौ फीसद सुरक्षित हैं और उनमें किसी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है। इस मामले ने इतना तूल पकड़ लिया था कि आम मतदाता के भीतर भी यह भ्रम पैदा हो गया कि ईवीएम में गड़बड़ी करके कोई पार्टी अपने पक्ष में मतों की संख्या बढ़ा सकती है। ईवीएम पर संदेह जाहिर करते हुए अदालत में गुहार लगाने वालों की मांग थी कि मतदान के बाद जो पर्ची कट कर बक्से में गिरती है उसे मतदाता के हाथ में दिया जाए और वह उसे खुद अलग बक्से में डाले। फिर मशीन के साथ ही उन पर्चियों का मिलान कर अंतिम रूप से मतों की गणना की जाए। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने उस मांग को खारिज कर दिया। दरअसल, इस तरह मतदान की गोपनीयता का उल्लंघन होने का खतरा था। मगर इसमें अदालत ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि वह मशीनों में चुनाव चिह्न निर्धारित हो जाने के बाद उन्हें सीलबंद कर दे। उसने एक और रास्ता खोल दिया है कि अगर कोई प्रत्याशी किन्हीं मशीनों के बारे में शिकायत दर्ज कराता है, तो विशेषज्ञों से उनकी जांच कराई जाए। उस जांच का सारा खर्च संबंधित प्रत्याशी को उठाना पड़ेगा। इसे बहुत से लोग बड़ी राहत की बात मान रहे हैं। इस तरह गड़बड़ियों की जांच हो सकेगी। पर अब यह तो तय है कि ईवीएम को लेकर जिस तरह के भ्रम बने हुए थे, वे याचिकाकर्ताओं के मन से काफी हद तक दूर हो चुके होंगे।

# परिदृश्य

## भारत को कठघरे में खड़ा करना नाहक दखलंदाजी

भारतीय समाज में इतनी विविधता और कई मायनों में जटिलता है कि उसमें अक्सर टकराव जैसे हालात बन जाते हैं। मगर सरकार बिगड़े हालात को संभालने, शांति कायम करने का हर प्रयास करती है। कभी ऐसा हो सकता है कि कहीं स्थितियां इतनी खराब हो जाएं कि उन्हें ठीक करने में वक्त लगे। भारत सरकार अपनी जवाबदेही को समझती है। अपने संप्रभु क्षेत्र में अराजकता पर काबू पाने और लोगों के अधिकार को सुनिश्चित करने की कोशिश करती है। मगर कुछ खास मामलों को आधार बना कर अगर किसी अन्य देश का कोई समूह मानवाधिकार हनन के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसे उचित नहीं कहा जा सकता। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में मणिपुर सहित अन्य इलाकों में मानवाधिकार हनन के मामले बढ़े हैं। कुछ गिने-चुने मामलों को आधार बना कर किसी देश की मंशा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। वह भी तब, जब भारत सरकार हिंसा से प्रभावित तबकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाती है। इस तरह नाहक दखलअंदाजी की वजह से अगर भारत की छवि पर असर पड़ता है तो उसकी भरपाई कौन करेगा? यह बेवजह नहीं है कि गुरुवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी रिपोर्ट को 'बेहद पक्षपातपूर्ण' करार दिया और कहा कि इसके जरिए देश की नकारात्मक छवि पेश की जा रही है और यह भारत के प्रति खराब समझ को दर्शाता है। विचित्र है कि दुनिया भर में इस तरह की आवाजें उठती रही हैं कि अमेरिकी नीतियों की वजह से कई देशों में मानवाधिकारों को काफी नुकसान पहुंचा है। मगर आए दिन किसी अमेरिकी समूह की ओर से मानवाधिकारों का सवाल उठा कर विकासशील देशों को कठघरे में खड़ा किया जाता है। जहां तक भारत का सवाल है, कुछ जटिल



स्थितियां पैदा होती हैं, तो उन पर काबू पाने और आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार बातचीत सहित अन्य जरूरी तौर-तरीके अपना कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करती है। भारत अपनी मुश्किलों को दूर करने में सक्षम है और यहां लोकतंत्र की जड़ें इसीलिए गहरी हैं।

# लीनेस क्लब स्वरा का सामाजिक कार्यक्रम




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लीनेस क्लब स्वरा द्वारा अपने सामाजिक सरोकारों के प्रोग्राम के अंतर्गत आशादीप संस्थान द्वारा संचालित आत्मनिर्भर वृद्ध आश्रम में रहने वाले व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। यह जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष ममता जैन ने बताया कि क्लब की अध्यक्ष श्रीमती शीला शाह के जन्मदिवस पर ग्रुप सदस्यों द्वारा आश्रम में कई मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया। वृद्धाश्रम में रहने वाले सदस्यों ने मिलकर सभी जन्म में मिलकर केक भी काटा और क्लब अध्यक्ष को जन्म दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष स्वाति जैन, वीणा गुप्ता, रूचि शर्मा, चंचल जैन और शशिप्रभा जैन मौजूद रही।

# नारेली आगमन हेतु आचार्य सुनील सागर जी महाराज को श्रीफल भेंट



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। दिगंबर जैन ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र, ज्ञानोदय नगर नारेली कमेटी ने रविवार को नसीराबाद में प्रवासरत आचार्य सुनील सागर जी महाराज को नारेली तीर्थ क्षेत्र आगमन हेतु श्रीफल भेंट किया। ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार-प्रसार संयोजक कमल गंगवाल ने बताया कि कमेटी के अध्यक्ष मनीष गदिया, महामंत्री अतुल ढिलवारी, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, अनिल जैन, अरिहंत जैन व नाथूलाल जैन ने ज्ञानोदय तीर्थ क्षेत्र में अल्प प्रवास हेतु रविवार को नसीराबाद आकर आचार्य महाराज के दर्शन कर उन्हें श्रीफल अर्पित कर निवेदन किया।

# जैन बैंकर्स फोरम जयपुर एवं धर्म जागृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान कुंडलपुर की आज यात्रा पर रवाना




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर एवं धर्म जागृति संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में तीर्थयात्रियों का दल जिसमें इस वर्ष पदम बिलाला, कमलेश जैन, सोभागमल अजमेरा, महेश काला, सुनील जैन, प्रकाश जैन, पंकज लुहाड़िया, जितेंद्र जैन, बीना जैन, निकिता जैन, दीपिका जैन, सोनिया जैन सम्मिलित है, कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र की यात्रा पर रवाना हुआ। यह ग्रुप पिछले कई वर्षो से नियमित रूप से स्व कल्याण एवं विश्व शांति की भावना से कुंडल की वंदना करता आ रहा है। जैन बैंकर्स फोरम की ओर से भागचंद जैन मित्रपुरा एवं राजेंद्र पापड़ीवाल ने सभी यात्रियों का माल्यार्पण कर दुगार्पुरा स्टेशन से मंगलकारी यात्रा के लिए विदाई दी।

# दिगंबर जैन महासमिति पश्चिम संभाग द्वारा मेडिकल इवेंट का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

28 अप्रैल 2024 प्रातः 10:00 बजे से करीब 2:00 बजे तक शैल्वी अस्पताल में दिगम्बर जैन महासमिति पश्चिम संभाग का एवं श्री महावीर दिगंबर जैन प्रबंध कारिणी समिति वैशाली नगर जयपुर एवं श्री दिगंबर जैन समिति महात्मा गांधी नगर के सौजन्य से एक विशाल एवं अभूतपूर्व मेडिकल कैंप के साथ ही वार्ता का भी आयोजन रखा गया। डॉक्टर निरंजन सिंह, डॉक्टर दिलीप मेहता ने ज्वॉइंट एवं हड्डी रोग के बारे में तथा डॉक्टर निष्ठा जैन ने न्यूरोलॉजी के अंतर्गत प्रकाश डाला। वैशाली नगर एवं महात्मा गांधी नगर के निवासियों ने इस इवेंट में बहुत बड़ी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर गजेंद्र बडजात्या, प्रमोद बोहरा, कैलाश लुहाडिया, अनिल जैन, नवरतन काला के साथ ही राजेश - सीमा बडजात्या, सरला



संघी, नरेंद्र ठोलिया, महावीर जैन, निर्मल कुमार कासलीवाल, हीरामणि कोठारी परिवार सहित मंजू पुरी जैन विजया जी कोठारी, चंदा जैन, राकेश - रेणू सघी, निर्मल कुमार जी जैन और महासमिति के कोषाध्यक्ष मनोज गोधा, संयोजक विनोद बाकलीवाल, के साथ ही वैशाली नगर एवं महात्मा गांधी नगर के निवासियों की गरिमामय उपस्थिति थी।

# नि:शुल्क हड्डी रोग जांच शिविर में 75 लाभन्वित

**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमाला देवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से 18 वां निःशुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास आयोजित किया गया। शिविर शुभारंभ पर आयोजक परिवार से कमल कुमार निर्मल कुमार सुरेश कुमार पांड्या, डाक्टर जितेश जैन ईशवा आईवीएफ की डाक्टर श्रीमती जी पी गोधा वीर सुभाष पहाड़ियां वीर रामावतार गोयल शिविर संयोजक वीर सुरेश कुमार जैन वीर प्रवीण पहाड़ियां, वीर तेजकुमार बड़जात्या वीर अशोक गंगवाल ने भगवान महावीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित किया शिविर में डेगाना, नावां, चितावा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के 75 लोग लाभान्वित हुए।सचिव वीर अजीत पहाड़िया ने बताया कि 21 एक्सरे व 35 रक्त सम्बंधित जांचें निःशुल्क कि गई।शिविर मे मदरसा इस्लामिया सोसायटी के सलीम मनियार वकील दौलत खान लोक अभियोजक, पार्षद अयुब शेख, सब्बीक मोहम्मद उस्मानी, हबीब सोलंकी, जावेद कलाल, भंवरलाल जांगीड़ एकाउंट आफिसर ,नावां के प्रमुख व्यवसायी शान्ति लाल गोधा ने शिविर का अवलोकन कर संस्था सदस्यों व डाक्टर जितेश जैन के सेवा कार्यों की भुरी-भुरी प्रशंशा कर माला साफा से स्वागत कर साधुवाद किया। नरेश जैन के अनुसार शिविर में वीर संदीप पांड्या, वीर प्रदीप गंगवाल, वीर अशोक अजमेरा, वीर विनोद झांझरी, वीरा सीता गंगवाल, राजेश अग्रवाल बोदु कुमावत नितेश चौधरी ने शिविर में सराहनीय सहयोग किया।



# हुकुम जैन काका पुन: बने अतिशय क्षेत्र कैथुली के अध्यक्ष



**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया।** रामगंज मंडी नगर से लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अतिशय क्षेत्र कैथुली की प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव निर्विघ्न संपन्न हो गए। यह चुनाव निर्वाचन अधिकारी रविंद्र जैन हरसोरा की उपस्थिति में संपन्न हुए। समस्त प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ। चुनाव से पूर्व सभी सदस्य पारस बाबा के चरणों में पहुंचे एवं नमन किया। उसके बाद निर्वाचन की प्रक्रिया को शुरू किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया की शुरूआत में अध्यक्ष के नाम का प्रस्ताव क्षेत्र कमेटी के संरक्षक सिद्धार्थ बाबरिया ने हुकुम काका के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सभी ने करतल तालिया के साथ अनुमोदन किया। उसके उपरांत क्षेत्र कमेटी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले श्री सुरेश कुमार बाबरिया ने समस्त कार्यकारिणी का प्रस्ताव रखते हुए कार्यअध्यक्ष सुनील सुरलाया, कोषाध्यक्ष सुनील दुगेरिया, सचिव मनीष हरसोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश ठाई, सहसचिव प्रशांत बागडिया के नामों को प्रस्तावित किया । जिसका सभी ने ताली बजाकर अनुमोदन किया। उसके उपरांत मौजूद वरिष्ठ सदस्यों ने समस्त सदस्यों की उपस्थिति में माला एवम पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। सभी कार्यकारिणी ने एवं मौजूद सदस्यों ने क्षेत्र को उन्नति की ओर ले जाने एवं धर्म प्रभावना के लिए संकल्प दोहराया इसके बाद सभी कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष काका ने पुनः विश्वास जताने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया । सभी सदस्य कार्यकारिणी के साथ पारसनाथ भगवान के चरणों में पहुंचे एवं बाबा के चरणों में नतमस्तक होकर क्षेत्र के मंगल विकास की कामना की। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट**

# गुरुमां विज्ञाश्री माताजी के सान्निध्य में श्री आदिनाथ जैन मंदिर गायत्री नगर में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प. पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गायत्री नगर, महारानी फार्म, जयपुर में वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण हुआ । पश्चात भव्यता के साथ श्री जी की शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सम्पूर्ण जैन समाज ने सहभागिता निभायी। तत्पश्चात हर एक जैन समाज के घर पर पंचरंगी ध्वजा, द्वार पर रंगोली तथा आरती एवं श्रीफल के साथ थाली सजाकर भगवान एवं पूज्य गुरुमाँ का आदर, विनय सत्कार किया गया। तत्पश्चात आहारचर्या के अवसर पर पूज्य गुरूमाँ की आहारचर्या गुरूभक्त अशोक कासलीवाल सपरिवार ने कराने का सौभाग्य प्राप्त किया। प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधन देते हुए कहा कि- जैसे मंदिर का वार्षिकोत्सव भगवान का अभिषेक, परिमार्जन कर मनाते है, उसी प्रकार से आज 2 दिन अपने पापों को प्रभु भक्ति से धोना है उसका परिमार्जन कर अपनी आत्मा को शुद्ध बनाना है। यही वार्षिकोत्सव मनाने का सार है।

# लैंगिक संवेदीकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सी स्कीम स्थित सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल में लैंगिक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर शशि लता पुरी अध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था ने स्वर्ण जयंती के उपलक्ष में किया गया। राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था की दो शाखाएं अकादमिक व महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष में किया गया। प्रोफेसर बीना उपाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था ने कार्यपत्रक द्वारा बच्चों के भावों को जानना चाहा तथा लघु फिल्मों के द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर संगीता शर्मा संयोजक अकादमी व प्रोफेसर प्रेरणा पुरी संयोजक महिला सुरक्षा सलाह ने विद्यार्थियों को लैंगिक संवेदीकरण जागरूकता पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉक्टर अलका राव समन्वयक स्वर्ण जयंती समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को लैंगिक विभिन्नता के प्रति जागरूक किया। प्रोफेसर चीना पुरी संपादक शक्ति पत्रिका ने शक्ति पत्रिका का विमोचन करके लैंगिकता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। डॉ प्रिया सहसंयोजक राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था ने विद्यार्थियों से प्रश्नों के द्वारा उनकी समस्या को जानकर उनका निवारण किया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह व विद्यालय प्राचार्य श्रीमती सोनल शर्मा ने शॉल से सभी आगंतुकों को सम्मानित करके धन्यवाद व्यक्त किया।

# युवाओं ने किया प्रभु अभिषेक एवं शांतिधारा, दहमीकलां मंदिर में हुआ आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य आचार्य श्री नवीननंदी जी मुनिराज के पावन सानिध्य में दहमीं कलां, बगरू में जयपुर जैन समाज के युवाओं ने आज पहली बार दहमी कलां मंदिर में अभिषेक एवं शांति धारा की। मंत्री प्रमोद बाकलीवाल ने बताया कार्यक्रम में प्रातः पंचामृत अभिषेक, शांति धारा, गुरुदेव के पाद प्रक्षालन, आरती आदि का आयोजन हुआ। सभी भक्तों ने प्राचीन ऋषभदेव जिन बिम्ब का अभिषेक शांतिधारा भक्ति भाव से की। कार्यक्रम मे प्राचीन ऋषभदेव जिन बिंब का अभिषेक गुलाब पुष्प, जल, फूलों, दुग्ध, दही, केसर से किया गया। इसमें राधा निकुंज के नवयुवक मंडल के कपिल जैन, अभिषेक, रवि रांवका, अचल जैन, आशीष जैन, आशीष , मनीष जी पाटनी, अनुज बगरू से महावीर पाटनी, मनोज पाटनी, बरकत नगर से मुकेश शालिनी मित्तल, प्रिंस, दीपाली जैन, गौरव जैन उपस्थित थे।

# पार्श्वनाथ जैन मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुआ धार्मिक अनुष्ठान

## रजत पाण्डुकशिला पर जैन श्रद्धालुओं ने किया भगवान का मस्तकाभिषेक



**पटना सिटी. शाबाश इंडिया**

हाजीगंज लंगूर गली स्थित 500 वर्ष प्राचीन श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः बेला रजत पाण्डुकशिला पर जिनेन्द्र भगवान का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा जैन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव पूर्वक किया। मीडिया प्रतिनिधि प्रवीण जैन ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मंगलाचरण पाठ, जिनेन्द्र स्तुति, अभिषेक पाठ, णमोकार महामंत्र जाप की आराधना की गई। मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के महा-मस्तकाभिषेक करते श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। इसके पश्चात तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ विधान का अनुष्ठान अनेकों मंत्रोच्चारण के साथ जैन श्रद्धालुओं ने किया। कार्यक्रम के दौरान संगीतमयी भक्ति-भजन से वातावरण गुंजायमान हुआ। जैन श्रद्धालुओं ने भगवान को अष्ट द्रव्य अर्घ्य समर्पित करके पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत भक्तिमय वातावरण में महाआरती किया गया।

# प्यासे पक्षियों को पानी पिलाये आओ इस आदत को संस्कार बनाएं



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रविवार को अहिंसा पार्क बरकत नगर में ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के प्रमोद जैन भँवर, राष्ट्रीय जन मंच पक्षी चिकित्सालय के कमल लोचन, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक विशाल गौतम के संयुक्त तत्वावधान मे परिंडा महोत्सव का आयोजन किया गया। ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर ने बताया की स्थानीय निवासियों ने बढ़ चढ़कर इसमें भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर एच. एस. शर्मा राजस्थान यूनिवर्सिटी पूर्व निदेशक इंदिरा गांधी पर्यावरण अध्ययन केंद्र रहे। कार्यक्रम में पार्षद जितेंद्र श्रीमाली चेयरमैन नगर निगम स्थानीय पार्षद दिनेश गौड़ समाज सेविका मनीषा जैन , डॉ गणेश शर्मा, पृथ्वी सिंह चौहान, संदीप अग्रवाल, राम कल्याण शर्मा, आर जी टेलर, संजय पाठक, मोहनलाल, गोविंद शर्मा, राजेश जैन, सुश्री सौम्यता उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों सहित बच्चों ने भी नियमित रूप से परिन्डो में पानी डालने व साफ सफाई की देखभाल का संकल्प लिया।

# झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलों अभियान में आज 700सेनेटरी नेपकिन वितरित किए गए



**डडूका. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल डडूका द्वारा राष्ट्रीय प्रॉजेक्ट झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलों अभियान में आज रविवार को प्रातः 700 सेनेटरी नेपकिन वितरित किए गए। केंद्र अध्यक्ष सुंदरलाल पटेल ने बताया की प्रथम चरण में आज 700 नेपकिन बांट कर ग्रामीण बहनों को मासिक धर्म के दौरान सेनेटरी नेपकिन प्रयोग द्वारा स्वच्छता का पावन संदेश दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी एवं गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया ने बताया की अभियान का उद्देश्य सुरक्षित एवं स्वस्थ्य मातृ शक्ती का मार्ग प्रशस्त करना है। आयोजन आज प्रातः 8.30 बजे से जैन मन्दिर के समीप से प्रारंभ किया गया जिसमे केंद्र के सभी वीर साथी एवं वीरा बहने सम्मिलित हुए। कार्यक्रम मे जैनी कोठिया, भव्या जैन, खुशी सोनी, अनीशा जैन, राजा देवी, निक्की जैन, उमा शाह,सूर्यकांता जैन, ज्योत्सना टेलर, एकता शाह,भरत जैन, रणजीत सिंह सोलंकी, योगेश सोनी, लक्ष्मीलाल टेलर, धर्मेन्द्र टेलर, अजीत कोठिया, सुंदरलाल पटेल सहित कई लोगों ने हिस्सा लेकर सेनेटरी नेपकिन वितरण में मदद की। कार्यक्रम मे संरक्षक मणिलाल सूत्रधार एवम दीपेश पटेल व हिमेश सोनी भी उपस्थित रहे। खुशी सोनी ने घर घर जाकर नैपकिन बांटने में सराहनीय सहयोग दिया। कार्यक्रम संचालन प्रभारी अजीत कोठिया ने किया, आभार सुंदरलाल पटेल ने दिया। अनीशा जैन एवं जैनी कोठिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में सेनेटरी नेपकिन वितरण द्वारा महिलाओं में नई चेतना जगाने महावीर इंटरनेशनल डडूका के प्रति हार्दिक साधुवाद व्यक्त किया।

# 'जैन धरोहर दिवस' धुलियान में मनाया गया



**धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल. शाबाश इंडिया।** श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर में जैन पुरातत्व संरक्षण हेतु स्वर्गीय श्री निर्मल जैन सेठी जी के पुण्य तिथी के दिन जैन धरोहर दिवस रुप से मनाया गया, जिसमें साहिल झांझरी, मनोज बड़जात्या, संजय कुमार बड़जात्या, देवेन गंगवाल आदि तथा धुलियान महिला समाज के सदस्य उपस्थित थी । संजय ने अपना भाव प्रकट किए। संजय ने कहा जैन संस्कृति विश्व की महानतम संस्कृतियों में एक है, अपनी प्राचीन संस्कृति को रक्षा करना उसकी सार संभाल करना व उसकी सुरक्षा का उपाय करना हम जैनीयो का कर्तव्य है । स्वर्गीय निर्मल जी सेठी जैन पुरातत्व के वारे में देश विदेश जाकर अभूतपूर्व जानकारी हासिल की थी। सुझाव के रूप में उन्होंने कहा जैन तीर्थंकर मुर्ति कही मिले तो सनाक्त कर जैन पुरातत्व संग्रहालय में भिजवाना चाहिए तथा नये मंदिर में पौराणिक मूर्ति को स्थान देना चाहिए।

# नारेली में शांति धारा व मुनिसुव्रत नाथ भगवान का विधान किया



**अजमेर. शाबाश इंडिया।** मुनिसुव्रत नाथ भगवान का नारेली में सुकान्त भैया जी के सानिध्य में भगवान के 108 कलश शांति धारा व मुनिसुव्रत नाथ भगवान का विधान किया गया । अध्यक्ष मधु जैन ने बताया कि वीना पाटोदी ने अपना जन्म दिन सादगी के साथ नारेली मे मनाया, सभी लोग सर्वोदय कालोनी से बस द्वारा नारेली पहुंचे । वहा जाकर सभी पुरुष वर्ग ने अभिषेक किया, एस के पाटोदी ताराचंद सेठी, धन जी लुहाडिया, अभय जैन, अशोक गोधा, विनय पाटनी, सुभाष पाटनी, सुभाष गंगवाल, विरेंद्र पाटनी, मुकेश पाटनी, दीपक पाटनी आदि समाज के लोग मोजूद थे। बाद में सभी सदस्यों ने मिलकर विधान किया रेणु पाटनी, मधु जैन ,गुण माला गंगवाल , चिंतामणि गोधा, निशा पाटनी, रानी पाटनी, सरला जैन, विजया जैन, प्रिया पाटनी संगिता पाटनी, संगीता गंगवाल, पुष्पा लुहाडिया, गुणमाला सेठी सभी सदस्यों ने वीना पाटोदी का माल्यार्पण किया शुभकामनाएं दी सभी ने स्वादिष्ट भोजन का लुफ्त उठाया। बाद में डां एस के पाटोदी, वीना पाटोदी ने सभी का आभार व्यक्त किया। -रेणु पाटनी अजमेर



## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com